तृतीय नेशनल वाटर अवार्ड विनिर ‘गुनी गाँव’

चर्चा में क्यों?

हाल ही में जलशक्ति मिंत्रालय द्वारा घोषित किये गए तीसरे नेशनल वाटर अवार्ड में बेस्ट विलेज पंचायत कैटेगरी ईस्ट ज़ोन में गुनी गाँव को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है।

प्रमुख बिंदु

- गुनी गाँव झारखंड राज्य की राजधानी राँची से 30 किमी. दूर खूँटी ज़िले के कर्रा प्रखंड में घुंसुली पंचायत में स्थित है।
- गुनी गाँव की इस उपलब्धि का श्रेय झारखंड सरकार द्वारा ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ करने के उद्देश्य से मनरेगा के तहत संचालित अनेक योजनाओं, जैसे- ‘नीलांबर-पीतांबर जल समृद्धि योजना’, ‘बिरसा हरित ग्राम योजना’ आदि को है जिनका उद्देश्य जल का संचय कर भूमि के जल स्तर में बढ़ोतरी कराना, मिट्टी के कटाव को कम करना, फसलों की सिंचाई के लिये उपयुक्त जल को संग्रह कर रखना आदि है।
- गौरतलब है कि 2018 में जलशक्ति मिंत्रालय ने पहला ‘राष्ट्रीय जल पुरस्कार’ लॉन्च किया था जिसका उद्देश्य जल संसाधन संरक्षण एवं प्रबंधन के क्षेत्र में सराहनीय कार्य करने वाले व्यक्तियों/संगठनों को प्रेरित करना तथा जल के महत्त्व के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करना और उन्हें सर्वोत्तम जल उपयोग प्रथाओं को अपनाने के लिये प्रोत्साहित करना है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/guni-village-3rd-national-water-award-winner